# इन्दिरा गाँधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान
## (राज्य ग्रामीण विकास संस्थान)
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302 004
फोन : 0141–2702784, 2706577–78 फैक्स : 2706575
E-Mail: igprgvs.rajasthan.gov.in

क्रमांक : एफ4( )केयर टेकर / IGPRS / 2017 / 1358–1364 दिनांक: 18/6/19

## निविदा सूचना

संस्थान में लिफ्ट के रखरखाव कार्य की रेट कॉन्ट्रेक्ट हेतु सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि रूपये लाखों में) | निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | लिफ्ट (OTIS) का रखरखाव कार्य | 1.80 लाख | 26.06.2019 |

निविदा प्रपत्र विभाग की वेबसाइट www.igprgvs.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal से डाउनलोड़ किया जा सकता है।

उक्त कार्यो हेतु निविदा मुहरबन्द लिफाफे में जिन पर स्पष्ट रूप से जिस कार्य के लिए निविदा प्रस्तुत की जा रही है, उसका नाम लिखा हो, **इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान** में निर्धारित तिथि को दोपहर 12:00 बजे तक जमा की जायेगी। निविदा उसी दिवस को दोपहर 2:00 बजे विभागीय उपापन समिति द्वारा निविदादाताओं या उसके अधिकृत प्रतिनिधि, जो उपस्थित हो, के समक्ष खोली जायेगी।

बोली प्रपत्र, कार्य का विवरण व शर्तों का प्रिन्ट संलग्न कर निविदा प्रस्तुत करें।

अतिरिक्त निदेशक

क्रमांक : एफ4( )केयर टेकर / IGPRS / 2017 / दिनांक:

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, महानिदेशक, संस्थान।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त निदेशक, संस्थान।
3. लेखाधिकारी, संस्थान।
4. प्रभारी अधिकारी, स्टोर संस्थान।
5. प्रोग्रामर उक्त निविदा प्रपत्र को विभागीय बेवसाईट एवं SPPP Portal पर अपलोड करावे।
6. कार्यालय नोटिस बोर्ड, संस्थान।

उपनिदेशक (प्रशा0)

# इन्दिरा गाँधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान
## (राज्य ग्रामीण विकास संस्थान)
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302 004
फोन : 0141–2702784, 2706577–78 फैक्स : 2706575
E-Mail: igprgvs.rajasthan.gov.in


## संस्थान में लिफ्ट (OTIS) रखरखाव कार्य की निविदा शर्ते व विवरण

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में जो कि संस्थान द्वारा जारी किया गया है, में ही प्रस्तुत किया जा सकेगा। निविदा विभाग की वेब साइट www.igprgvs.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal से भी डाउनलोड किया जा सकेगा।
2. निविदा उचित रूप से मुहरबन्द लिफाफे में बंद की जानी चाहिए निविदा उन्हीं फर्मो द्वारा दी जानी चाहिए जो वास्तव में इस प्रकार का कारोबार करती हो।
3. निविदा के सभी प्रपत्र व अनुलग्नक पर निविदादाता के हस्ताक्षर आवश्यक रूप से होंगे।
4. निविदा में किसी प्रकार की कटिंग नहीं होनी चाहिए अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जाएगी।
5. निविदा दिनांक 26.06.2019 को दोपहर 12:00 बजे तक संस्थान कार्यालय में जमा करानी आवश्यक है।
6. निविदा दिनांक 26.06.2019 को उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष दोपहर 2:00 बजे खोली जायेगी।
7. निविदा देने वाली फर्म की निम्न जानकारी टेण्डर फार्म के साथ संलग्न की जावे।
    1. यदि फर्म एकल स्वामित्व की हो तो स्वामी का पूर्ण नाम, कार्यालय एवं निवास का पूर्ण पता।
    2. यदि भागीदारी का है–भागीदारी–डीड, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र तथा सभी भागीदारों के नाम एवं पूर्ण पते।
    3. यदि लिमिटेड फर्म है तो कम्पनी का मेमोरेण्डम व आर्टीकल ऑफ एसोसियेट्स तथा सभी डायरेक्टर्स के नाम एवं पूर्ण पते।
    4. फर्म के गठन से किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना तुरन्त विभाग को दी जावे किन्तु परिवर्तन के अधीन किसी भी दायित्व से फर्म के पहले वाले सदस्य को मुक्त नहीं किया जा सकेगा।

8. निविदादाता को मुख्य पैनल से केन्द्रीय एवं विद्युत व्यवस्था को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होगी।
9. निविदादाता को संस्थान में लगी हुई लिफ्टों के रखरखाव से संबंधित सभी कार्य करने होंगे।
10. यह कार्य एक वर्ष के लिए होगा। कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर अथवा अन्य अपरिहार्य कारणों से अनुबंध को वर्ष के मध्य निरस्त किया जा सकता है। इसके लिए संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।
11. किसी सामान/कलपुर्जे को मरम्मत हेतु संस्थान के बाहर बिना प्रभारी अधिकारी की अनुमति के नहीं ले जाया जायेगा, एवं पार्ट्स खराब होने पर संस्थान के प्रभारी अधिकारी की मौजूदगी में बदलने होंगे।
12. संस्थान द्वारा निविदादाता को त्रेमासिक (**Quarterly**) बिल प्रस्तुत करने पर ही भुगतान किया जायेगा।
13. निविदादाता द्वारा संस्थान में लगी हुई दोनों लिफ्टों की प्रत्येक 03 माह (**Quarterly**) में सर्विस करनी होगी तथा सर्विस किये जाने के पश्चात् ही निविदादाता द्वारा बिल प्रस्तुत किया जावेगा।
14. संस्थान की लिफ्ट खराब होगी तो दूरभाष (On Call) पर सूचना देने के एक घण्टे की अवधि में लिफ्ट चालू करवाना अनिवार्य होगा।
15. निविदादाता द्वारा लिफ्टों के पार्ट्स खराब होने पर नये पार्ट्स लगाने होंगे, किन्तु पूर्व में जिस कम्पनी का पार्ट्स लगा हुआ है उसी कम्पनी का नया पार्ट्स लगाना होगा।
16. निविदादाता कार्य मिलने पर इसे अन्य निविदादाता/व्यक्ति/फर्म को उप बेचान नहीं करेगी। ऐसा करता हुआ पाये जाने पर अनुबंध समाप्त किया जाकर धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी तथा इसे कार्य अपूर्ण की स्थिति मानकर उसी अनुरूप कार्यवाही की जावेगी।
17. किसी भी निविदा को मानने अथवा बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार संस्थान का होगा।
18. निविदा पर विचार उसी स्थिति में किया जावेगा जबकि निविदादाता, निविदा देने के साथ समस्त आवश्यक प्रमाण–पत्र, यथा

    1. फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र
    2. गत तीन वर्ष का अनुभव प्रमाण–पत्र
    3. GST का पंजीयन प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है।

19. निविदादाता के कार्य की वार्षिक लागत का 5 प्रतिशत प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करानी होगी। जो कार्य संतोषजनक सम्पन्न होने के उपरान्त लौटाई जावेगी।

20. कार्यादेश दिनांक से 07 दिवस के अन्दर कार्य से संबंधित अनुबन्ध करना होगा, जिसके लिये समस्त व्यय निविदादाता के होंगे।

21. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में महानिदेशक, इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।

22. समस्त कानूनी कार्यवाही यदि किसी भी पक्ष द्वारा किये जाने की आवश्यकता पड़े तो जयपुर स्थित न्यायालयों में ही की जा सकेगी अन्य स्थान पर नहीं।

23. निविदादाता निविदा के साथ आवश्यक रूप से संबंधित विभाग का रजिस्ट्रेशन/अधिकृत प्रमाण–पत्र/अनुभव प्रमाण–पत्र आदि प्रस्तुत करेंगे।

24. कार्य की दरे जी–शिड्यूल में अंकित करनी होगी।

25. अनुबन्ध की अवधि कार्य आदेश जारी होने से एक वर्ष की होगी।

26. सफल निविदादाता को 500/– रूपये के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा। तथा 9,000/– रूपये धरोहर राशि के रूप में जमा करानी होगी।

अतिरिक्त निदेशक

उपरोक्त निविदा की शर्ते मैंने ध्यानपूर्वक पढ़ ली है एवं मैं उक्त शर्तो को स्वीकार करता हूँ मैंने प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर कर दिये है।

निविदादाता के हस्ताक्षर व मोहर
मय पूरा पता व मोबाईल नं0

# इन्दिरा गाँधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान
## (राज्य ग्रामीण विकास संस्थान)
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302 004

फोन : 0141–2702784, 2706577–78 फैक्स : 2706575

E-Mail: igprgvs.rajasthan.gov.in


## दर प्रस्तुत करने का निविदा प्रपत्र

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | लिफ्टों की संख्या | प्रस्तुत दरें वार्षिक |
|---|---|---|---|
| 1. | लिफ्ट (OTIS) का रखरखाव एवं सर्विस | 02 | |

नोट :– उक्त दरों पर यदि लागू हो तो GST पृथक से नियमानुसार देय होगी।

निविदादाता के हस्ताक्षर व मोहर
मय पूरा पता व मोबाईल नं0